राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 19 **जनवरी-मार्च 2019**

<u>प्रधान संरक्षक</u>

श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

<u>संरक्षक</u>

श्री अमितेश भरत सिंह

अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

<u>संकल्पना और संपादन</u>

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

कनिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में दिनांक 26 जनवरी 2019 को गणतंत्र दिवस केंद्रीय कर और सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार जी ने राष्ट्र का ध्वजारोहण किया ।

कन्नड प्रशिक्षण

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में दिनांक 30-01-2019 को बी.एम.टी.सी. भवन, बनशंकरी के बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय में कन्नड प्रशिक्षण का समापन समारोह का आयोजन किया गया । प्रसिद्ध कन्नड साहित्यकार डॉ.एन. ज्ञानमूर्ति ने इन पाठ्यक्रमों में व्याख्यान दिया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

सर्वप्रथम केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री जी. नारायण स्वामी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । फिर डॉ.ज्ञानमूर्ति ने अपने भाषण में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के अधिकारियों को पढ़ाना एक सौभाग्य की बात कहा । तदुपरांत नासीन, बेंगलूरु के प्रधान अपर महानिदेशक श्री अयज दीक्षित ने अपने भाषण में कन्नड प्रशिक्षण प्रत्येक केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क भवन के परिसर में आयोजन को एक महत्वपूर्ण कदम कहा । तदुपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने कहा कि ''केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क में कार्यरत सभी कन्नडेतर भाषियों को कन्नड सिखाना बहुत ही सुंदर कदम बताया। इस सराहनीय आयोजन के लिए नासीन, बेंगलूरु और बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री जी.नारायण स्वामी और हिंदी अनुभाग के अधिकारियों श्रीमती एन.उषा एवं श्री वाई.सुब्रह्मण्यम को बधाइयाँ दी । आगे उन्होंने स्तर-3 के बाद प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले अधिकारियों को एक स्वर्ण पदक की घोषणा भी की ।'' तत्पश्चात मंचासीन अधिकारीगण के करकमलों से कन्नड पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण सभी अधिकारियों को "कन्नड अभिवृद्धि प्राधिकारा, बेंगलूरु" से प्राप्त प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । केंद्रीय कर की वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती एन.उषा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय कर के कनिष्ठ अनुवादक श्री वाई.सुब्रह्मण्यम ने किया ।

दिनांक 04.02.2019 को शिवाजीनगर, बेंगलूरु स्थित
बेंगलूरु उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय में
एक और कन्नड पाठ्यक्रम का सत्र का उद्घाटन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने अपने आशीर्वाद द्वारा किया । बेंगलूरु उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय के आयुक्त श्री धर्म सिंह ने अपने परिसर में इस आयोजन के लिए अपार हर्ष व्यक्त किया ।

दिनांक 26.03.2019 को शिवाजीनगर, बेंगलूरु स्थित
बेंगलूरु उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय में
कन्नड पाठ्यक्रम सत्र का समापन समारोह बेंगलूरु उत्तर-पश्चिम आयुक्तालय के आयुक्त श्री धर्म सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।

स्वच्छता पखवाड़ा

दिनांक 16.01.2019 से दिनांक 31.01.2019 तक

केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया ।

हिंदी कार्यशाला

दिनांक 20.02.2019 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत निरीक्षकों के संवर्ग के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां या फिर कोई कविता, लेख, आदि हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

☆ आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं । ☆